"Learning is process of development"

# सीखने का अर्थ व परिभाषा

## (MEANING AND DEFINITION OF LEARNING)

'सीखना' किसी स्थिति के प्रति सक्रिय प्रतिक्रिया है। हम अपने हाथ में आम लिए चले जा रहे हैं। कहीं से एक भूखे बन्दर की उस पर नजर पड़ती है। वह आम को हमारे हाथ से छीनकर ले जाता है। यह भूखे होने की स्थिति में आम के प्रति बन्दर की प्रतिक्रिया है। पर यह प्रतिक्रिया स्वाभाविक (Instinctive) है, सीखी हुई नहीं।

इसके विपरीत, बालक हमारे हाथ में आम देखता है। वह उसे छीनता नहीं है, वरन् हाथ फैलाकर माँगता है। आम के प्रति बालक की यह प्रतिक्रिया स्वाभाविक नहीं, सीखी हुई है। जन्म के कुछ समय बाद से ही उसे अपने वातावरण में कुछ-न-कुछ सीखने को मिल जाता है। पहली बार आग को देखकर वह उसे छू लेता है और जल जाता है। फलस्वरूप, उसे एक नया अनुभव होता है। अतः जब वह आग को फिर देखता है, तो उसके प्रति उसकी प्रतिक्रिया भिन्न होती है। अनुभव ने उसे आग को न छूना सीखा दिया है। अतः वह आग से दूर रहता है। इस प्रकार, **"सीखना-अनुभव द्वारा व्यवहार में परिवर्तन है।"**

हम 'सीखने' के अर्थ को और अधिक स्पष्ट करने के लिए कुछ परिभाषाएँ दे रहे हैं, यथा–

1. **स्किनर**–"सीखना व्यवहार में उत्तरोत्तर सामंजस्य की प्रक्रिया है।"

   "Learning is a process of progressive behaviour adaptation."

   —*Skinner* (A-p. (199)

2. **वुडवर्थ**–"नवीन ज्ञान और नवीन प्रतिक्रियाओं को प्राप्त करने की प्रक्रिया, सीखने की प्रक्रिया है।"

"The process of acquiring new knowledge and new responses is the process of learning."

—*Woodworth* (pp. 281-282)

3. **क्रो व क्रो**—"सीखना—आदतों, ज्ञान और अभिवृत्तियों का अर्जन है।"

"Learning is the acquisition of habits, knowledge and attitudes."

—*Crow & Crow* (p. 225)

4. **गेट्स व अन्य**—"सीखना, अनुभव और प्रशिक्षण द्वारा व्यवहार में परिवर्तन है।"

"Learning is the modification of behaviour through experience and training."

—*Gates & Others* (p. 288)

5. **क्रानबेक**—"सीखना, अनुभव के परिणामस्वरूप व्यवहार में परिवर्तन द्वारा व्यक्त होता है।"

"Learning is shown by a change in behaviour as a result of experience."

—*Cronback* (*Educational Psychology*, p. 47)

6. **मार्गन एवं गिलीलैण्ड**—"सीखना, अनुभव के परिणामस्वरूप प्राणी के व्यवहार में परिमार्जन है जो प्राणी द्वारा कुछ समय के लिए धारण किया जाता है।"

"Learning is some modification is the behaviour of the organism as a result of experience which is retained for atleast a certain period of time."

—*Morgan & Gilliland*

इन परिभाषाओं का विश्लेषण करके हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि सीखना, क्रिया द्वारा व्यवहार में परिवर्तन है, व्यवहार में हुआ यह परिवर्तन कुछ समय तक बना रहता है, यह परिवर्तन व्यक्ति पूर्ण अनुभवों पर आधारित होता है।